
## छिंदवाड़ा तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल, बाबुओं की भूमिका को लेकर उठे गंभीर आरोप

# तहसील कार्यालय छिंदवाड़ा में चल रहा "बाबू राज"



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा, मनीष गड़करी

छिंदवाड़ा तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली इन दिनों गंभीर सवालों के घेरे में है। कार्यालय में पदस्थ बाबुओं की भूमिका को लेकर लगातार शिकायतें और चर्चाएं सामने आ रही हैं। आरोप है कि तहसील कार्यालय में कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील कार्यों का निष्पादन बाबू स्तर पर ही किया जा रहा है, जबकि नियमानुसार ऐसे मामलों में तहसीलदार की प्रत्यक्ष भूमिका और निर्णय आवश्यक होते हैं।

सूत्रों के अनुसार सूचना के अधिकार (आरटीआई) से जुड़ी फाइलों का संचालन भी बाबुओं द्वारा ही किया जा रहा है। कई मामलों में आवेदनों का परीक्षण, उत्तर तैयार करना और फाइलों को आगे बढ़ाने का कार्य बाबू स्तर पर ही हो रहा है। गंभीर विषयों से संबंधित पत्राचार भी बाबुओं द्वारा तैयार कर तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।




### हस्ताक्षर तहसीलदार के, तैयारी बाबू की

आरोप यह भी है कि कई पत्रों में तथ्यों की गंभीरता और कानूनी पहलुओं पर समुचित विचार नहीं किया जाता। काम की अधिकता और प्रशासनिक दबाव के चलते तहसीलदार द्वारा कई फाइलों और पत्रों पर बिना गहन परीक्षण के हस्ताक्षर किए जाने की स्थिति बन रही है। इससे विभागीय कार्यों में अनेक प्रकार की विसंगतियां उत्पन्न हो रही हैं। राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, सीमांकन, अतिक्रमण जैसे संवेदनशील मामलों में भी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे हैं।

### बाबूओं के हाथ में तहसील की कमान

तहसील कार्यालय में वर्षों से एक ही स्थान पर जमे बाबुओं की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि लंबे समय से एक ही सीट पर पदस्थ बाबू नियमों और प्रक्रियाओं की आड़ में अपने स्तर पर निर्णय लेने लगे हैं। कुछ मामलों में बिना तहसीलदार की पूरी जानकारी के ही कार्यों का निष्पादन कर दिया जाता है, जिससे बाद में विवाद और आपत्तियां सामने आती हैं।सबसे गंभीर आरोप यह है कि तहसील कार्यालय में बिना लेन-देन के आम नागरिकों का कोई भी कार्य समय पर नहीं होता। छोटे से लेकर बड़े मामलों तक में बाबुओं की भूमिका निर्णायक बताई जा रही है। जिससे आम जनता का प्रशासन से भरोसा कमजोर हो रहा है।

### बिना समुचित परीक्षण के पत्र तैयार कर तहसीलदार के समक्ष रखे जा रहे है

कई शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि निर्धारित राशि नहीं दी जाए तो फाइलें जानबूझकर लंबित रखी जाती हैं या उनमें अनावश्यक आपत्तियां लगाई जाती हैं।इस स्थिति के कारण विभाग की छवि और कार्यप्रणाली दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। आम जनता का प्रशासन से विश्वास कमजोर हो रहा है और कार्यालय को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो प्रशासनिक अराजकता और बढ़ सकती है। प्रशासनिक विशेषज्ञों का कहना है कि बाबुओं के स्थानांतरण, कार्यों की नियमित समीक्षा और तहसीलदार स्तर पर सख्त निगरानी आवश्यक है। साथ ही आरटीआई और संवेदनशील मामलों में स्पष्ट जवाबदेही तय की जानी चाहिए।अब देखने वाली बात यह होगी कि जिला प्रशासन और उच्च अधिकारी इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेते हैं और तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं। शहर के कई भूमाफियाओं से सांठगांठ कर आर्थिक लेनदेन का काम यही बाबू देखते है। कुछ मामलों की जानकारी तहसीलदार को भी नहीं होती है। उनके जानकारी के बिना नोटिस जैसी गंभीर प्रक्रियाएं भी संपादित की जा रही है। कुछ पटवारी भी स्वयं भूमाफियाओं के साथ पार्टनरशिप में कार्य कर रहे है और इन बाबूओं को मोटी रकम मुंह लगी हुई है जिसकी वजह से अवैध जमीनों का व्यापार सर चढ़कर बात कर रहा है।

### क्या कहते है नियम

महत्वपूर्ण निर्णयकों का अधिकार केवल तहसीलदार और राजस्व अधिकारियों को ही होता है। बाबू का कार्य केवल फाइल तैयार करना और प्रक्रिया में सहयोग करता सीमित है। आरटीआई के जवाब की जिम्मेदारी लोक सूचना अधिकारी की होती है। वहीं पर बिना सक्षम अधिकारी के कोई भी निर्णय अवैध माना जाता है। अगर बाबू द्वारा तैयार प्रपत्रों पर हस्ताक्षर अधिकारी करते है तो जिम्मेदार अधिकारी ही माने जाएंगे। परंतु तहसील कार्यालय छिंदवाड़ा में यह देखा गया है कि कुछ बाबू पूरा तहसील कार्यालय ही चला रहे है और विसंगतिपूर्ण दस्तोवजों की वजह से कार्यालय की गरिमा पर सवालिया निशान खड़े हो रहे है।

## मोबाइल से निजी वीडियो चुराने वाले आरोपियों पर पुलिस ने की मामूली कार्यवाही

### मोहखेड़ थाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मोहखेड़ ब्लॉक में एक बड़े राजनीतिक नेता के पुत्र से जुड़े गंभीर मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। आरोप है कि एक बड़े मामले में मोहखेड़ पुलिस द्वारा असामान्य नरमी बरती गई और गंभीर आरोपों के बावजूद मामूली धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मामले का पटाक्षेप कर दिया गया।

पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर अब उसकी निष्पक्षता और कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।सूत्रों के अनुसार यह मामला छिंदवाड़ा में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहे नेता पुत्र से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि उसके कुछ मित्रों द्वारा उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था।



जानकारी के अनुसार एक निजी वीडियो को लेकर उससे पैसों की मांग की जा रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। जब परिजनों को इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी हुई तो आनन-फानन में मोहखेड़ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई।

शिकायत के बाद पुलिस ने सांवरी क्षेत्र के पांच युवकों को हिरासत में लिया। पुलिस जांच में यह बात सामने आने की चर्चा है कि आरोपी युवक निजी वीडियो के माध्यम से ब्लैकमेलिंग कर रहे थे। हालांकि, इसके बावजूद पुलिस ने मामले में गंभीर धाराएं न जोड़ते हुए अपेक्षाकृत हल्की धाराओं में केस दर्ज किया, जिससे पूरे घटनाक्रम पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सूत्रों का यह भी दावा है कि थाने में आरोपियों के साथ असामान्य व्यवहार किया गया। बताया जा रहा है कि जब आरोपी युवक थाने से बाहर निकले तो उनके हाथ और चेहरे पर सूजन दिखाई दी। वहीं, सांवरी के रहने वाले पांच में से दो आरोपी कथित तौर पर भूमिगत हो गए हैं। स्थानीय लोगों और जानकारों के बीच यह चर्चा आम है कि प्रभावशाली परिवार से जुड़े होने के कारण मामले को दबाने का प्रयास किया गया।

कहा जा रहा है कि गंभीर आरोपों के बावजूद न तो सख्त धाराएं लगाई गईं और न ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के संकेत दिखाई दिए। आरोप यह भी हैं कि माफीनामा और आपसी समझौते के आधार पर पुलिस को संतुष्ट कर प्रकरण को कमजोर किया गया।

इस पूरे घटनाक्रम को लेकर एक और गंभीर पहलू यह सामने आ रहा है कि ऐसे मामलों में अक्सर यह कहकर समझौता करा दिया जाता है कि शिकायत आगे बढ़ने से पीड़ित परिवारों की सामाजिक बदनामी होगी। बदनामी के डर को हथियार बनाकर न्याय की प्रक्रिया को बीच में ही रोक देने की प्रवृत्ति पर भी सवाल उठ रहे हैं। फिलहाल यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। आमजन यह जानना चाहते हैं कि क्या कानून सबके लिए समान है या फिर प्रभावशाली लोगों के मामलों में नियम अलग हो जाते हैं। अब देखना होगा कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी इस पूरे मामले पर संज्ञान लेते हैं या नहीं और क्या निष्पक्ष जांच के आदेश दिए जाते हैं।

## नए कानूनी सुधार औपनिवेशिक दासता की बेड़ियों को काटकर मानवीय और पारदर्शी बनाएंगे - डॉ भारती

**छिंदवाड़ा।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिन्दवाड़ा के द्वारा शुक्रवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबीनार का आयोजन भारतीय आपराधिक कानून सुधार के विषय में हुआ। आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं विधिक सहायता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार के आयोजन के पीछे छिपी मंशा जाहिर करते हुए डॉ स्नेहा सिंह ने वेबीनार की जानकारी साझा की। वेबीनार में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस संस्थान के प्रमुख डॉ राहुल कैलाश भारती, दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. कृष्ण मुरारी यादव ने विचार रखें। डॉ दम्यंती कटरे ने बताया कि वेबीनार में देश के जाने-माने कानूनी विशेषज्ञों ने नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से अपनी बातें रखीं। वेबीनार को संबोधित करते हुए शासकीय इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंस संस्थान के प्रमुख डॉ राहुल कैलाश भारती ने कहा कि नए कानूनी सुधार औपनिवेशिक दासता की बेड़ियों को काटकर भारतीय न्याय प्रणाली को अधिक मानवीय और पारदर्शी बनाएंगे। तो वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. कृष्ण मुरारी यादव ने आपराधिक न्याय प्रक्रिया में तकनीकी बदलावों और जांच प्रणाली में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते गिरफ्तारी, जमानत, एफआईआर, पुलिस अभिरक्षा, विचरण, निर्णय आदि के विषयों में विस्तार पूर्वक समझाया।

## सचिन पटेल ने विधि विषय में उत्तीर्ण की नेट परीक्षा



**छिंदवाड़ा।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा के पूर्व छात्र सचिन पटेल पिता रूपसिंह पटेल छिंदवाड़ा निवासी ने सत्र 2022-23 एलएलबी के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। यूजीसी नेट द्वारा आयोजित दिसंबर 2025 की विधि विषय मे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट को उत्तीर्ण कर शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा का नाम रोशन किया । छात्र सचिन को नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलाकार मोटघरे, विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ संयोजक डॉ दमयंती कटरे, डॉ स्नेहा कुमारी, राकेश कुमार कोष्टी, कमलेश चरपे, तरूण यादव समेत महाविद्यालयीन स्टाफ व परिजनों ने हर्ष जताया। सचिन ने अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय परिवार एवं परिजनों को दिया।

## पशुधन मिशन से लाभकारी व्यवसाय बना बकरी पालन

**छिन्दवाड़ा।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था का उत्थान, शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए शासन द्वारा कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे कृषि और पशुपालन अब न केवल लाभ का व्यवसाय बन गया है, बल्कि इससे किसानों और पशुपालकों को क्षेत्र में नई पहचान भी मिल रही है। छिंदवाड़ा जिले के चौरई विकासखंड के ग्राम बांकानागनपुर के श्री नवीन रघुवंशी भी उन्हीं किसानों और पशुपालकों में से एक हैं। श्री रघुवंशी ने पशुपालन विभाग की राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) योजना का लाभ लेकर बकरी पालन को एक सशक्त और लाभकारी व्यवसाय के रूप में स्थापित किया है। सीमित संसाधनों से शुरू हुई उनकी यह पहल आज आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक प्रबंधन के कारण क्षेत्र में एक मॉडल बकरी फार्म के रूप में पहचान बना चुकी है। मॉडल फार्म की आधुनिक संरचना- श्री रघुवंशी बताते हैं कि एनएलएम योजना के अंतर्गत स्वीकृत उनके इस बकरी फार्म में सिरोही नस्ल की कुल 175 बकरियाँ, बकरे एवं उनके बच्चे उपलब्ध हैं। फार्म को मॉडल स्वरूप में विकसित किया गया है, जिसमें बीमार बकरियों के लिए पृथक क्वारंटाइन शेड, बच्चों के लिए अलग कमरे तथा बकरियों के बैठने के लिए 4 फीट ऊँचाई पर प्लाई प्लेटफॉर्म बनाया गया है। इसी प्लेटफॉर्म के नीचे कड़कनाथ मुर्गी का पालन भी किया जा रहा है, जिससे अतिरिक्त आय का स्रोत विकसित हुआ है।

## कन्हान नदी दमुआ के तट पर, श्रीराम जय राम, जय जय राम संकीर्तन का भव्य आयोजन

**दमुआ।** प्रारम्भ 24 घंटे का श्री राम ,जय राम, जय जय राम संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जो कि दिनांक 5 फरवरी तक अनवरत चलता रहा उसके पश्चात शाम6 बजे से संकीर्तन के समापन अवसर पर हवन पूजन, पूर्णाहूति आरती की गई जबकि श्रीराम संकीर्तन श्री हर हर महोदव मानस मण्डल चांदामेटा परासिया के द्वारा शानदार श्रीराम संकीर्तन की भव्य प्रस्तुती दी गई इस पावन अवसर पर श्री राम जय राम संकीर्तन में पधार अमरकंटक से श्री पूज्यनाथ साहब एवं दूर दूर से आये संत महात्माओं को सादर आमंत्रित किया गया था जिसमें मुलताई से सूरदास महाराज जी, चांदामेटा से गुड्डू महाराज, पचमढी से चूडामन बाबा, सारनी से बसंत बाबा, भाजीपानी मोक्षधाम से सुनील बाबा , श्री मनोज भन्नारे बाबा गरीबदास महाराज के शिष्य , नंदन से प्रभुदयाल बाबा सहित संत महात्मा कार्यक्रम पधारे हुए थे सभी संत महात्माओं का फूल मालओंसे स्वागत कर तिलक लगाकर आरती उतारी गई और वस्त्र धोती गमछा भी भेट किया गया जबकि सम्पूर्ण कार्यक्रम को आयोजित वाले महात्मा श्री ओमकार जी बाबा, एवं उनके छोटे भाई बन्दू बिंझाडे परिवार दमुआ के द्वारा सम्पूर्ण व्यवस्था बनाई गई।

## महादेव मेला शुरू, पर नहीं सुधरी सड़क, सारा ध्यान टोल वसूली पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

मध्य प्रदेश का प्रसिद्ध महादेव मेल शुरू हो गया है । महाराष्ट्र राज्य से मेला आने - जाने वालों की और वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई है , पर सड़क की हालत नहीं सुधरी , जबकि इसके लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाई गई , शिकायतें भी की गई । स्टेट हाईवे 19 , छिंदवाड़ा टू पिपरिया पर लगे टोल पर टोल तो पूरा - पूरा वसूला जा रहा है , लेकिन शर्तों के मुताबिक मेंटेनेंस नाम मात्र का या अधूरा है ।

टोल ठेकेदार और उनके कर्मचारियों कि इस लापरवाही और मनमानी पर सड़क विभाग के अधिकारी भी मौन है । फ़ज़ीहत इस हाईवे पर आवागमन करने वाले वाहनों और लोगों की हो रही है ।स्टेट हाईवे छिंदवाड़ा से मटकुली के बीच दो टोल स्थापित हैं । एक टोल गाँगीवाड़ा में है , दूसरा कुआँबादला में है ।



इनके बीच की दूरी लगभग 54 किलो मीटर है । इस सड़क के रख - रखाव की जिम्मेदारी टोल ठेकेदार की है , लेकिन सड़क मेंटेनेंस को छोड़ सारा ध्यान टोल वसूली पर है । नगर पंचायत न्यूटन में सड़क पर ऐसे गड्ढे हो गए हैं , जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं । डिवाइडर मैले हो गए हैं , रात के समय दिखाई नहीं पड़ते । ऊपर से डिवाइडर से सटकर यदि कोई काले रंग का जानवर बैठा होता है तब और खतरा बढ़ जाता है । महादेव मेला शुरू होने से इस मार्ग पर यातायात बढ़ गया है ।

24 घंटे भूराभगत और पचमढ़ी के लिए वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है , लेकिन टोल ठेकेदार टोल वसूलने में पूरी ताकत झोंक रहे हैं , लेकिन सड़क मरम्मत को लेकर कोई सुध नहीं ले रहा है । पूर्व न्यूटन में सड़क के गड्ढों और डिवाइडर के रंग - रोंगन को लेकर खबर प्रकाशित हुई थी तब एम पी आर डी सी अधिकारी के द्वारा बारिश का मौसम निकलने के बाद सड़क मेंटेनेंस कराने की बात की गई थी , पर कुछ नहीं हुआ । 181 पर शिकायत के बाद न्यूटन बस स्टेंड पर कुछ गड्ढों को भरा गया , शिकायत वापस होते ही ठेकेदार अपना साजो - सामान लेकर चंपत हो गया ।

## पुलिस ने दो आरोपियों से जब्त किया मशरूका

### सिंगोड़ी, अमरवाड़ा पुलिस ने लुट के आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे, अति. पुलिस अधी. आशीष खरे के निर्देशन एव अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमती कल्याणी वरकडे थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के द्वारा लूट, डकैती एवं जघन्य अपराध के आरोपियो की दस्तयाबी के लिये पूर्व से निर्देशित किया गया है।

इसी कम में 04/02/2026 को प्रार्थी मुकेश पिता दयाराम दुबे उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मढई थाना चौरई जिला छिंदवाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29/01/26 को बस से छिंदवाड़ा से करेली अपनी बुआ के घर जा रहा था जो बस में स्लीपर सीट न मिलने के कारण सिंगोडी बायपास में उत्तर गया, जहाँ इसे सिगोडी के अर्जुन बुनकर एवं आकाश वर्मा मिले जिन्होने बहला फुसलाकर विशाल ढाबा सिंगोड़ी लेकर गए।

जहाँ इसे खाना खिलाया, खाने के पैसे मुकेश दुबे दे रहा था जो पैसे देते समय अर्जुन और आकाश को मुकेश के पैसो की गड्डी देखकर लालच आ गया और मुकेश दुबे को अमरवाड़ा छोड़ने के बहाने से पिंडरई डबीर एव खामीहीरा के मध्य रोड पर मोटरसायकल से ले जाकर मुकेश दुबे को मारपीट कर उसके पास रखे 25,000/-नगद रुपये, एक सोनाटा कपनी की घड़ी एवं कैंपस कपनी के जूते लूट कर अपनी पल्सर मोटरसायकल से फरार हो गए। प्रार्थी मुकेश दुबे की रिपोर्ट पर अप. क्र. 54/2026 धारा 309 (6) बी. एन. एस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण लूट से सबंधित गंभीर अपराध होने के कारण वरिष्ठ अधिकारियो के द्वारा तत्परतापूर्वक आरोपियो की दस्तयाबी के लिये निर्देशित किया गया।

मुखबिर तंत्र सक्रिय कर एवं सायबर सेल की मदद से प्रकरण के आरोपी अर्जुन बुनकर एवं आकाश वर्मा को भुमका घाटी अमरवाड़ा में होने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस स्टाफ ने घेराबंदी कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। जिनसे पूछताछ करने पर घटना घटित करना स्वीकार करने पर प्रार्थी मुकेश दुबे से लूटे हुए 25,000/- रूपये, एक सोनाटा कंपनी की घड़ी एवं कैंपस कंपनी के जूते तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल के MP-28-ZE-2499 जप्त किया गया। आरोपी अर्जुन बुनकर एवं आकाश वर्मा को गिरफ्तार कर अभिरक्षा मे लिया गया हैं। जिन्हें न्यायालय अमरवाड़ा मे पेश किया जाता है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

आरोपियों की गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी सिंगोडी उप निरी पंकज राय, सउनि राजकुमार सनोडिया, प्र. आर. इंद्रजीत, आर. पीयुष, आर सूरज एवं आर गुरमुख, आर. उमाशंकर, आर. लक्ष्मी, म.आर. दिव्या, सैनिक शिवशंकर सायबर सेल प्रआर, नितिन सिंह, आर. आदित्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 7 गंभीर मरीजों को उपलब्ध कराई 3 लाख 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से गंभीर रूप से बीमार एवं आर्थिक रूप से कमजोर 7 मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 3 लाख 25 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। यह सहायता राशि मिलने से नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 7 गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि गंभीर रूप से बीमार मरीजों के परिजनों ने असम विधानसभा चुनाव को लेकर असम दौरे के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू से संपर्क करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की जानकारी देते हुए बीमारी के लिए आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार लगाई थी।

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है केंद्रीय बजट

## बजट प्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा: शेषराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पीजी कॉलेज में केंद्रीय बजट को लेकर युवा संवाद का कार्यक्रम किया गया। जिसमें जिले के सैकड़ों युवा शामिल हुए और केंद्रीय बजट की प्रशंसा की। कार्यक्रम में विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष शेषराव यादव ने युवा संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय बजट में 15 हजार माध्यमिक शालाओं में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना, आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और'खेलो इंडिया के माध्यम से




खेलों को प्रोत्साहन देने की घोषणाएं की गई हैं। क्रिएटर लैब युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रहे हैं। रक्षा बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि से देश की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को और बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना का पालन करते हुए खादी, हथकरघा, हस्तशिल्प और एक जिला एक उत्पाद को बढ़ावा देने वाला है। रक्षा बजट में 15 फीसदी की बढ़ोतरी देश की सुरक्षा की प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। पूर्वोत्तर राज्यों में बौद्ध स्थलों के संरक्षण, बुनियादी ढांचे के विकास और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने का निर्णय प्रधानमंत्री जी की विरासत के विकास के मंत्र को साकार कर रहा है। कैंसर की 17 जीवनरक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी शून्य या न्यूनतम कर गरीबों को संबल देने का कार्य किया गया है। यह बजट महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने वाला है। बजट में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को आधुनिक बनाने पर स्पष्ट फोकस किया गया है। पशुपालन और मत्स्य पालन को मजबूती, पूंजी सब्सिडी से पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ेगी और जलाशयों, अमृत सरोवरों के निर्माण से ग्रामीण रोजगार को प्राथमिकता दी गई है।

### केंद्रीय बजट सिर्फ बजट नहीं यह विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का विजन है

भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री और बजट प्रचार अभियान समिति के जिला संयोजक श्री विजय पाण्डेय ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की बताई चार जातियों गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग, उद्यमियों और हर वर्ग के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए प्रावधान किए गए हैं। केंद्रीय बजट सिर्फ बजट नहीं है, यह विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का विजन डॉक्यूमेंट है। यह आने वाले वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला बजट सिद्ध होगा।

## भाजपा नेता और नागरिकों ने रुकवाया काम, अर्नव कंपनी पर गंभीर सवाल

# घटिया पेवर ब्लॉक पर फूटा जनता का गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। शहर के व्यस्ततम जयस्तंभ चौक पर घटिया गुणवत्ता के पेवर ब्लॉक लगाए जाने को लेकर गुरूवार रात करीब 8 बजे जोरदार हंगामा खड़ा हो गया। आक्रोशित नागरिकों और भाजपा नेता गोलू कोरडे ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को तत्काल रुकवा दिया और जिम्मेदार अधिकारियों तथा ठेकेदार कंपनी पर मिलीभगत के आरोप लगाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगरपालिका पांढुर्णा द्वारा जयस्तंभ चौक पर पेवर ब्लॉक लगाने का ठेका अर्नव कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है। भाजपा नेता गोलू कोरडे ने बताया कि उन्होंने पहले ही नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे को स्पष्ट कर दिया था कि यहां केवल 80 एमएम मोटाई वाले उच्च गुणवत्ता के ब्लॉक ही लगाए जाएं। अध्यक्ष द्वारा उपयंत्री बेलिया से संपर्क कराने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक इस संबंध में कोई संवाद नहीं किया गया। गोलू ने आरोप लगाया कि नागरिकों के शिकायती फोन आने के बाद जब वे मौके पर पहुंचे तो पाया कि बेहद घटिया और टूटे किनारों वाले ब्लॉक लगाए जा रहे थे। उन्होंने तुरंत नगरपालिका अध्यक्ष को सूचना दी, जिसके बाद उपयंत्री बेलिया मौके पर पहुंचे और काम रुकवाया। उपयंत्री बेलिया ने मौके पर आश्वासन दिया कि यहां केवल गुणवत्तापूर्ण पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे तथा अर्नव कंस्ट्रक्शन कंपनी को नोटिस जारी किया जाएगा। हालांकि नागरिकों ने इसे केवल खानापूर्ति बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### नागरिकों का फूटा आक्रोश

स्थानीय नागरिक सुभाष कलंबे ने कहा कि लगाए जा रहे चेकर टाइल्स सेकंड हैंड जैसी दिखाई दे रही हैं और ऐसा घटिया माल ज्यादा समय तक टिकने वाला नहीं है। उनका कहना था कि सौंदर्यीकरण के नाम पर जनता के पैसों की बर्बादी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं निलेश मन्ने ने कहा कि यदि नागरिक आवाज नहीं उठाते तो पूरा चौक घटिया टाइल्स से भर दिया जाता। उन्होंने नगरपालिका के उपयंत्रियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए और कहा कि गुणवत्ता पर सख्त निगरानी होनी चाहिए।

### जनता का सीधा संदेश

जयस्तंभ चौक पांढुर्णा के नागरिकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। जनता का कहना है कि टैक्स के पैसों से घटिया निर्माण किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## अंजुमन कमेटी के प्रयास से सिंगोड़ी में स्वास्थ्य शिविर संपन्न, सैकड़ों मरीजों ने लिया लाभ



**सिंगोड़ी।** ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ शुक्रवार को सिंगोड़ी में आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के तत्वावधान में जामा मस्जिद के सामने आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर नागपुर के विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में नागपुर के प्रसिद्ध रेडियंस हॉस्पिटल से आए वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। डॉ. मनोज पुरोहित संथापक, डॉ. दीपिका पुरोहित, डॉ. विशाल सक्सेना और डॉ. लतीफ रहमान ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित उपचार और सावधानी बरतने की सलाह दी। हाजी समीम राजा ने बताया कि शिविर के दौरान सात सौ से ज्यादा मरीजों की बीपी, शुगर और 500 ईसीजी जैसी आवश्यक जांचें पूरी तरह निःशुल्क की गईं। शिविर में केवल सामान्य बीमारियां ही नहीं, बल्कि हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, हड्डी रोग,और किडनी से संबंधित गंभीर रोगों के मरीजों ने भी विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लिया। बड़ी संख्या में लोग अपनी पुरानी रिपोर्ट लेकर पहुंचे थे, जिसका डॉक्टरों ने बारीकी से अवलोकन किया। आयोजको ने शिविर के सफल आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए सभी सहयोगियों और चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया। वही डॉ. मनोज पुरोहित ने उपस्थित मरीजों की हर संभव मादत का वादा भी किया है। इस दौरान इलमन मिस्किनी ,वाहिद मिस्किनी, वसीम भाई , समिउल्लाह मिस्किनी भूरा भाई आजम भाई अंजुमन सेक्रेटरी सहित अन्य मुख्य लोग सामिल थे।

## रासेयो स्वयं सेवकों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव, प्राचार्य डॉ. ए. के तांडेकर के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वमसेवकों द्वारा ग्राम बेलखेड़ी में नशामुक्ति और प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण सरंक्षण के लिए स्वयं सेवकों द्वारा सम्पूर्ण ग्राम में भ्रमण कर एक जनजागृति रैली द्वारा अभियान चलाया गया। नस स्वयंसेवी को द्वारा बेलखेड़ी के प्राइमरी स्कूल और आंगनबाड़ी के छात्रों के बीच पहुंचकर छात्रों को लगातार स्कूल में नियमित कक्षाएं लगाने की सलाह दी गई साथ ही बच्चों को एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा स्वलपाहार प्रदान किया गया।पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण स्वयं सेवकों द्वारा पेंच नदी में प्लास्टिक मुक्त के लिये प्लास्टिक को नदी से निकाला गया। एवं नदी की सहायक धारा में पत्थरों से छोटे छोटे बांध बनाया गया। पेंच नदी के तट में महाविद्यालय के सेवानिवृत्ति वाणिज्य के प्राध्यापक डॉ. पी अजवानी द्वारा जल सरंक्षण, वायु प्रदूषण के बारे एवं अपने अनुभव और एन एस एस के माध्यम से व्यक्तित्व विकास कर अपना कैरियर बनाये। डॉ. एस. के. शेंडे द्वारा व्यक्तित्व विकास पे जोर दिया। डॉ. नारदसिंग यादव कैरियर संबंधी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राहुल भारती और आभार लक्ष्मी प्रसाद नागवंशी द्वारा किया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में स्वयं सेवक एवं सहायक विनोद धुर्वे उपस्थित रहे।

### राजस्व न्यायालयों की अव्यवस्थाओं पर अधिवक्ता संघ सख्त, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पांढुर्णा।** आज 6 फरवरी को पांढुर्णा अधिवक्ता संघ द्वारा राजस्व न्यायालयों में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने न्यायालयीन प्रक्रिया में आ रही समस्याओं को गंभीर बताते हुए शीघ्र सुधार की मांग की है। अधिवक्ता संघ ने बताया कि तहसील न्यायालयों में अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रकरणों का तत्काल पंजीयन नहीं किया जाता। कई मामलों में पूरी कार्यवाही के बाद अंतिम चरण में ही प्रकरण पंजीबद्ध कर निराकृत कर दिया जाता है। इसके अलावा सुनवाई के दौरान कई बार प्रकरण न्यायालय के पटल पर प्रस्तुत नहीं किए जाते और "प्रकरण उपलब्ध नहीं है" कहकर तारीख बढ़ा दी जाती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रकरणों का नियमित पंजीयन नहीं होने के कारण पूर्व में कई अधिवक्ताओं के प्रकरण गुम हो चुके हैं। अधिवक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार पीठासीन अधिकारी को जानकारी देने के बावजूद लिपिक द्वारा प्रकरण प्रस्तुत नहीं किए जाते। अधिवक्ता संघ ने न्यायालय परिसर में कॉज लिस्ट चस्पा नहीं होने को भी बड़ी समस्या बताया, जिससे अधिवक्ताओं को कार्य करने में कठिनाई होती है। साथ ही तहसील न्यायालय में लिपिक के स्थान पर कोटवार अथवा अन्य कर्मचारियों के बैठने से कार्यप्रणाली प्रभावित होने की बात भी कही गई।

## विदाई की बेला में गूंजा रवि शंकर शुक्ला स्कूल

### 11वीं के छात्रों ने दी 12वीं को यादगार विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित स्थानीय पंडित रवि शंकर शुक्ला स्कूल में आज कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए एक शानदार विदाई समारोह (फेयरवेल) आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 11वीं के छात्रों द्वारा सीनियर छात्रों के जोरदार स्वागत और बधाई संदेशों के साथ हुई। छात्रों द्वारा दी गई एक से बढ़कर एक मनमोहक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने घोषणा की जो छात्र अपनी बोर्ड परीक्षा में 80% या उससे अधिक अंक प्राप्त करेंगे, उन्हें नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमेश सालोडे की ओर से पंडित रविशंकर शुक्ल स्कूल के छात्रों को 5100 रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका उपाध्यक्ष सोनिया कमरे और पार्षद प्रमोद बंदेवार ने छात्रों को जीवन में निरंतर प्रगति करने की प्रेरणा दी। नगर पालिका सीएमओ और प्रभारी प्राचार्य नेहा धुर्वे ने अपने संबोधन में छात्रों को अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।गरिमामय उपस्थितिइस अवसर पर मंच संचालन स्कूल छात्रा राखी बन्देवार और निशा झरने द्वारा किया गया।

वहीं आभार प्रदर्शन शिक्षक अजहर खान द्वारा किया गया नगर पालिका के सभापति अमित यादव दीप्ति कांत साहू लता टांडेकर पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी प्रमिला पाल भाजपा नेता देवेंद्र टांडेकर विजय पाल सहित नगर पालिका के समस्त सभापति, पार्षदगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी (CMO), प्रभारी प्राचार्य और स्कूल के समस्त शिक्षक गण।

अजहर खान सोनाल भट्टाचार्य कुमारी परवीन बानो श्री मती शीतल साहू पावेल सिंह महेंद्र डेहरियाश्रीमती कल्पना सोनी श्रीमती दीपा साहू प्रदीप सोनी श्रीमती अर्चना वाइकर आनन्द सिंग श्रीमती सर्वेश वर्मा उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों को परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी।



## सर्कुलर बॉयज छिंदवाड़ा के नाम हुआ कैरीऑन कप

**बड़कुही /परासिया।** बड़कुही में हुए कैरीऑन कप 2026 क्रिकेट टूर्नामिंट का शुक्रवार को समापन हुआ जिसका । जिसके अंतिम मुकाबले को जीतकर सर्कुलर बॉयज क्रिकेट क्लब छिंदवाड़ा ने इस कप को अपने नाम कर लिया ।कैरी ऑन कप का फाइनल मुकाबला सर्कुलर बॉयज छिंदवाड़ा और एकता वंदे मातरम जुन्नारदेव के मध्य खेला गया । जिसमें टॉस जीतकर सर्कुलर बॉयस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने 7 विकेट खोकर 197 रन बनाए । जिसमें सागर यादव ने सर्वाधिक 94 एवं अमन उनके ने 34 रन बनाए । ऋषि सिंह ने अपने चारों ओवर में 29 रन देकर 2 विकेट लिए । बाद में बल्लेबाजी करने उतरी वंदे मातरम की टीम 130 रन बना पाई और यह मैच सर्कुलर बॉयज ने 64 रन के विशाल अंतर से जीता । टूर्नामिंट के सबसे बेस्ट खिलाड़ी के तौर पर सागर यादव रहे । बेस्ट बॉलर शोएब खान बेस्ट फील्डर अंकित सरयाम रहे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सोहन वाल्मीकि , जनपद उपाध्यक्ष जमील खान , एटक के रामकेरा यादव , नगर पंचायत अध्यक्ष भरत डेहरिया , संतोष बाथव , कैरी ऑन के डायरेक्टर अभिनव श्रीवास्तव , मोहम्मद आसिम के द्वारा परितोषिक वितरण किया गया । विजेता टीम को 51000 हजार एवं उपविजेता टीम को 31000 हजार रूपये का नकद ईनाम दिया गया ।

## विधायक ने किया मिरगपुर ,गुडरूघाट, सावरगांव में विकास कार्यो का भूमिपूजन




**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मिरगपुर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एंव अवसंरचना योजना के अंतर्गत सीमेंट सड़क निर्माण कार्य हेतू भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी कार्यक्रम में प्रमुख आतिथ्य के रूप शामिल हुए । भूमिपूजन समारोह की अध्यक्षता सरपंच दिपक देशमुख के द्वारा की गई। इस दौरान कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी के द्वारा सीमेंट सड़क का भूमिपूजन किया गया एंव सावरगांव,गुडरूघाट ग्राम पंचायत में विकास कार्यो का भूमिपूजन विधायक के हस्ते किया गया।इस दौरान मिरगपुर ग्राम पंचायत सरपंच दिपक देशमुख, उपसरपंच अल्का मेश्राम, गुडरूघाट सरपंच दिलीप बिसेन,सावरगांव सरपंच अनिल मर्सकरे, राजेन्द्र देशमुख पूर्व सरपंच मिरगपुर, पूर्व सरपंच अशोक बिसेन, रमणिक देशमुख पूर्व संचालक सेवा सहकारी समिती मोहगांवघाट, सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेद्र देशमुख, दुर्गेश पारधी सरपंच मोहगांवघाट, कौशल नाथ तुरकर चिचोली सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता राहुल देशमुख, तेजलाल चौधरी पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष , दिपेश्वरी लिल्हारे भाजपा मंडल अध्यक्ष मिरगपुर ,आलोक पाटील जनपद सदस्य, अजय मेश्राम पूर्व जिला पंचायत सदस्य, प्रकाश उके जिप.सदस्य, शैलेश पारधी, संतोष मेश्राम , जयेश देशमुख, सहायक यंत्री सुनील हिरकने, सचिव कोमल देशमुख, रोजगार सहायक मनोज साहू, सहायक उपयंत्री सुनील हिरकने, ,चैनलाल राहगडाले, सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

### खजरी पंचायत में सरपंच-सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप

## छह माह भी नहीं टिक पाई मोक्षधाम की सीसी सड़क



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** कागजों में लाखों की लागत से बनी सीसी सड़क और जमीनी हकीकत में उखड़ चुकी, चलने लायक भी न बची सड़क- यह फर्क सिर्फ तकनीकी खामी का नहीं बल्कि पंचायत स्तर पर खुलेआम हुए भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत खजरी में स्वच्छ भारत मिशन, 15वां वित्त एवं मनरेगा योजना के तहत कराए गए सड़क निर्माण में सरपंच-सचिव की मिलीभगत से शासकीय राशि के बंदरबाट का आरोप सामने आया है। निर्माण के छह माह भी पूरे नहीं हुए थे और सड़क की हालत बिगडने लगी और वर्तमान में यह सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे यह सवाल उठना लाज़मी है कि क्या सीमेंट की जगह सिर्फ कागजी बिलों की परत चढ़ाई गई थी? खजरी मुख्य मार्ग से मोक्षधाम स्थल तक बनाई गई यह सड़क, जिसकी लागत लगभग 4.48 लाख रुपये बताई जा रही है, महज छह माह के भीतर ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है और अब चलने योग्य भी नहीं बची है।

**निर्माण कार्य में अनियमितता, घटिया सामग्री का उपयोग:** जानकारी के अनुसार उक्त सड़क निर्माण कार्य 20 अगस्त 2024 को प्रारंभ किया गया था। निर्माण एजेंसी स्वयं ग्राम पंचायत खजरी थीए जिसके अंतर्गत यह कार्य सरपंच दमयंती धारने एवं सचिव खुशबू श्रीवास्तव की देखरेख में कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के दौरान भारी अनियमितताएं बरती गईं, घटिया सामग्री का उपयोग किया गया और तकनीकी मानकों की खुलेआम अनदेखी की गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क मार्ग नियमित आवागमन के लिए नहीं बल्कि विशेष परिस्थितियों में-जैसे गांव में किसी की मृत्यु होने पर मोक्षधाम जाने अथवा सामाजिक कार्यक्रमों के समय उपयोग में लाया जाता है। इसके बावजूद सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि पूरी सीसी सड़क के धुर्रे उड़ चुके हैं, जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। लांजी जनपद क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में सरपंच-सचिव द्वारा योजनाओं की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। जब ग्रामीण 181 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराते हैं, तो संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं पर ही शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जाता है। कार्रवाई का आश्वासन जरूर दिया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई जांच नहीं होती। सबसे गंभीर बात यह है कि न तो शिकायतकर्ता को स्थल निरीक्षण के लिए बुलाया जाता है और न ही निर्माण कार्य करने वाले जिम्मेदारों से मौके पर जवाब-तलब किया जाता है। सिर्फ फोन पर बात कर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया जाता है, जिससे भ्रष्टाचारियों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में आपके द्वारा जानकारी से अवगत कराया गया है। जनपद कार्यालय से अधिकारियों की एक टीम भेजकर जांच कराई जाएगी। तथा दोष सिद्ध होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**रामगोपाल यादव, सीईओ**
**जनपद पंचायत, लांजी**

## खैरलाजी मे से तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन, निकाली गई भव्य कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील मुख्यालय में ज्ञायत्री परिवार ट्रस्ट के तत्वावधान में 9 कुण्डली गायत्री महायज्ञ का आयोजन 6 फरवरी शुक्रवार से किया गया । जिसका समापन 8 फरवरी को किया जाएगा । बताया गया की शुभारंभ के अवसर पर प्रथम दिवस शुक्रवार को मंदिर परिसर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के विविध मार्ग व चौराहे से गुजरते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंची ,इस दरमियान कलश यात्रा का नगरवासियो के द्वारा भव्य स्वागत किया गया एंव सामाजिक कार्यकर्तो के द्वारा नगर मे जगह जगह जलपान की व्यवस्था की गई। शनिवार को विधी विधान अनुरूप पूंजा-पाठ एंव मूर्तियो की प्राण प्रतिष्ठा कि जाएगी एंव महायज्ञ होगा और समापन के अतिम दिवस महाप्रसाद वितरण कि जाएगी। इस अवसर पर श्रदालुगंण मौजूद रहे।

## नशा एक सामाजिक अभिशाप है, जो पारिवारिक जीवन, आर्थिक विकास व चरित्र का ह्रास करता हैं- किशोर अमूले



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नवांकुर संस्था ग्रामीण आंचलिक कृषक समाज समिति द्वारा नशा मुक्त, स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर वारासिवनी विधानसभा के ग्राम पंचायत भांडी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं वारासिवनी जनपद पंचायत भूतपूर्व अध्यक्ष किशोर अमूले ने कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप हैं, जो पारिवारिक जीवन, आर्थिक विकास एवं राष्ट्रीय चरित्र का ह्रास करता हैं। आज नशा समाज में तीव्र गति से फैलता जा रहा है, बड़ों की देखा सीखी अब स्कूल में पढने वाले बच्चे भी तंबाखू, गुटका का सेवन कर रहे है। इस नशामुक्ति अभियान में समाज के साथ-साथ हम सभी पालकों व शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। शराब ही अकेला नशा नहीं है, शराब से सारा परिवार बिखर जाता है। तंबाखू गुटका से मुंह का कैंसर तक हो जाता है। महात्मा गांधी जी के सपने को पूरा करना हैं, तो भारत को नशामुक्त, स्वच्छ, स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित भारत बनाना होगा, जो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत 2047 का विजन है।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद सदस्य फूलचंद पटले, सरपंच ललिता उइके, प्रधानपाठक नरेंद्र भरने, सचिव भगतराज वल्के, रोजगार सहायक गायत्री पटले, नवांकुर संस्था प्रमुख राजकुमार लिल्हारे, आरती बिसेन, दीप नशा केंद्र के प्रमुख अंकित ऐड़े, उपसरपंच पेंडारीलाल सेरीवार, पुष्पलता भगत, अनुशया राठौर, सुनीता राउत, अमन पारधी, लालचंद उइके, सरिता पारधी, माया पटले, हरिनखेरे, रियायत गुरुजी, छात्र-छात्राएँ व ग्राम के नागरिकगण उपस्थित थे।

## स्व राजू चौकसे स्मृति सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट आज से



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** स्व राजू चौकसे स्मृति सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट उकवा जिसका की आयोजन इस वर्ष विलेजर्स क्रिकेट क्लब पोड़ी द्वारा किया जा रहा है।आ अब लौट चले गांव की ओर,मेरा गांव मेरा तीर्थ की तर्ज पर 90 के दशक के उकवा में अध्ययनरत सभी साथी सपरिवार दो दिन के लिए क्रिकेट के बहाने पारिवारिक मित्र मिलन हेतु संपूर्ण भारत से उकवा पहुंचकर अपनी पुरानी यादों को ताजा करते है।इस वर्ष यह आयोजन 7 एवं 8 फरवरी को सूर्या मैदान उकवा में संपन्न हो जा रहा है।जिसमें विलेजर्स क्रिकेट क्लब पोड़ी,प्रिंस क्रिकेट क्लब उकवा, ए सी सी सोनपुरी,ग्रीन स्टार, यू सी सी,इमानवेल क्लब,ब्लूज क्लब, आई सी सी,डॉक्टर इलेवन,उकवा इलेवन टीम हिस्सा लेगी। आयोजन समिति विलेजर क्रिकेट क्लब पोड़ी ने समस्त खेल प्रेमी जनता से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### धम्मज्ञान प्रतियोगिता सहित अन्य आयोजन होंगे सम्पन्न

## आज त्यागमूर्ति माता रमाई आंबेडकर जयंती समारोह



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** संपूर्ण भारतीय बौद्धों की राष्ट्रीय मातृत्व धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के माध्यम से धम्म का करवा निरंतर गतिमान हो रहा है इसी क्रम में संस्था की जिला शाखा बालाघाट के तत्वावधान में दिनांक 7 फरवरी 2026 को बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जी की जीवन संगिनी त्याग की साक्षात मूर्ति माता रमाई आंबेडकर जी की जयंती समारोह का आयोजन स्थानीय कमला नेहरू महिला मंडल,डॉ.आंबेडकर चौक बालाघाट मप्र में किया गया हैं, जिसके मुख्य अतिथि आयुनी लता ताई तायडे राज्य संघटक एवं वरिष्ठ केंद्रीय शिक्षिका भुसावल महाराष्ट्र होगी,प्रमुख अतिथि संस्था के मप्र राज्य शाखा द.के अध्यक्ष,समता सैनिक दल के GOC एवं केंद्रीय शिक्षक मप्र(बालाघाट)एवं अध्यक्षता अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट करेंगे,प्रमुख अतिथि हेमलता ताई डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय शिक्षिका,धर्मेंद्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव,महेश सहारे प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी गोवारी समाज बालाघाट,सचिन मेश्राम अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ,आर के कठाने प्रदेश सचिव एवं केंद्रीय शिक्षक,राजकपूर कामडे प्रदेश कार्य सचिव तथा केंद्रीय शिक्षक एवं विशेष अतिथि हाजी शोहेब खान संयोजक राष्ट्रीय मुस्लिम बहुजन एकता मंच,प्रमिला चौहान जिला कोषाध्यक्ष,रमा टेकाम(प्रेम शांति)वरिष्ठ आदिवासी समाज सेवी,आयशा फातिमा समाज सेवी मुस्लिम समाज वारासिवनी,नलिनी वाहन अध्यक्ष प्रेरणा विहार, यशवंत कनौजे जिला पालक मंत्री रविदासिया धर्म संगठन बालाघाट,हरिचंद्र महोबे जिलाध्यक्ष रविदासिया धर्म संगठन बालाघाट,शशि एम के मडामें तहसील अध्यक्ष,धर्मशिला मेश्राम नगर अध्यक्ष प्रज्ञा महिला मंडल लांजी,शीला कुम्हलवार बौद्धिक प्रमुख बालाघाट जिला बौद्ध संघ ,देवेंद्र कुमार घोड़ेश्वर सक्रिय सदस्य एवं मीडिया प्रभारी ,संस्था के सभी उपाध्यक्ष सभी तहसील अध्यक्ष होंगे,मंच संचालन दूरेंद्र सावनकर तहसील अध्यक्ष किरनापुर एवं अभिराज मेश्राम महामंत्री वारासिवनी करेंगे।इस अवसर माता रमाई,बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब जीवनी एवं धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया पर आधारित बुद्ध धम्म ज्ञान प्रतियोगिता भी सम्पन्न होगी,जिसमें सफल प्रथम,द्वितीय,तृतीय प्रतियोगियों को क्रमशः 5000/-3000/-2000/- पुरस्कार राशि,स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा,उसके बाद सफल होने वाले क्रमशः दस प्रत्याशी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा ,अतिथियों के द्वारा माता रमाई के जीवन संघर्ष त्याग के बारे उद्बोधन, संगीतमय कार्यक्रम के बाद सम्मान एवं पुरस्कार वितरण के बाद अंतिम सत्र में भोजनदान होगा,अतः सम्पूर्ण मप्र एवं बालाघाट जिले के बौद्ध अम्बेडकरी,बहुजन समाज के अनुयायी यो को समारोह में शामिल होकर धम्म लाभ लेने की अपील संस्था की जिला शाखा बालाघाट द्वारा की गई है।

**खबर संक्षेप**

## विशेष पेंशन शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला पेंशन अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार माह फरवरी में जिले में विशेष पेंशन शिविर का आयोजन दिनांक 05 फरवरी 2026 से 07 फरवरी 2026 तक जिला पेंशन कार्यालय, सिवनी में किया जा रहा है। उक्त शिविर के माध्यम से समस्त विभागों के दिनांक 31 दिसंबर 2025 तक सेवानिवृत्त, मृत अथवा स्वैच्छिक सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। सभी संबंधित कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि उनके कार्यालयों में लंबित समस्त पेंशन प्रकरण शिविर अवधि में अनिवार्य रूप से जिला पेंशन कार्यालय में जमा कराएं। साथ ही पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु प्रभारी लिपिक की उपस्थिति शिविर अवधि में जिला पेंशन कार्यालय में सुनिश्चित की जाए।

### डुण्डासिवनी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया हत्या खुलासा

# बेटे ने ही की थी पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए हरसंभव प्रयासरत रहते है एवं अपराधियो के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना डुण्डासिवनी क्षेत्र मे बीझावांडा मंगल कलोनी मे हुए विवाद मे 90 साल के बुजुर्ग की हत्या का खुलासा किया है।
दिनांक 05.02.26 को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बीझांवाडा मे झगडा विवाद मे रघुराज बघेल जो घायल हो गये है जिला अस्पताल ईलाज हेतु लाया गया था जो ईलाज के दौरान रघुराज बघेल उम्र 90 साल की मृत्यू हो गयी है कि सूचना पर थाना डूण्डासिवनी मे अपराध क्रमाक 57/2026 धारा 103(1) बी एन एस कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर पतासजी की गयी जो पता चला कि पिता और पुत्र दोनो एक साथ रहते थे पैसे मांगने की बात पर से पुत्र रवि बघेल ने अपने पिता रघुराज बघेल को डंडे से सिर मे मारकर गंभीर चोट पंहुचा कर घर के बाहर वाले दरवाजे मे ताला बंद कर भाग गया था जो बगल में रहने वाले रिश्तेदारो ने ताला तोड कर घायल को अस्पताल पंहुचाये जो ईलाज के दौरान मृत्यू हो गयी थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपी कि तलास पतासजी की गयी जो चंद घंटो मे डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा आरोपी को हिरासत में लिया जाकर आज दिनांक को माननीय न्यायालय सिवनी के समक्ष पेश किया गया जिसे न्यायायिक अभिरक्षा में भेजा गया। आरोपी रवि पिता रघुराज बघेल उम्र 57 साल नि. बीझांवाडा थाना डूण्डासिवनी, जप्तीः घटना में प्रयुक्त लकडी का डंडा। इस कार्यवाही मे निरी. चैनसिंह उइके, सउनि बालकृष्ण त्रिगाम, संजय बघेल, प्र. आर. संजू उइके, रणजीत पटले, धूपलाल नेताम, आर. नितेश राजपूत, कृष्णकुमार भालेकर, मिथलेश सूर्यवंशी, सीताराम जावरे, अकलेश माहोरे, अनुराग दुबे, केसरीनंदन ऐडे धनराज वरकडे. रघुराज यादव, सैनिक शीलकुमार अवस्थी, सुनील डेहरिया विशेष भूमिका शामिल रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जंगल में शुक्रवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिनैकी कला का है। मृतक की पहचान नरेंद्र यादव (30) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार सुबह ग्राम बिनैकी कला के कुछ ग्रामीण जंगल की ओर गए थे। इसी दौरान उन्होंने एक पेड़ पर फांसी के फंदे से लटके एक युवक को देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना घंसौर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतरवाया सूचना मिलते ही घंसौर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।पुलिस के अनुसार, मृतक नरेंद्र यादव ग्राम बिनैकी कला का निवासी था। युवक ने यह कदम किन कारणों से उठाया, इसका फिलहाल कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है।
पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।ग्रामीणों ने बताया युवक सामान्य स्वभाव का था घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। गांव में इस घटना को लेकर गंभीर माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि नरेंद्र सामान्य स्वभाव का युवक था, जिससे इस घटना ने ग्रामीणों को आश्चर्यचकित कर दिया है। इस संबंध में घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झरिया ने बताया कि एक युवक द्वारा पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की गई है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच जारी है, जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी में गुरुवार रात नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार डंफर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना लखनादौन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, डंफर वाहन खुर्सीपार से लखनादौन की ओर जा रहा था, जबकि बाइक सवार लखनादौन से आ रहे थे। खेर शिकारा गांव के पास दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने डंफर जब्त कर, चालक को हिरासत में लिया लखनादौन पुलिस मौके पर पहुंची और डंफर को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और घायलों के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटनास्थल पर दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही रहती है। उनका कहना था कि यदि हादसे के समय अधिक लोग मौजूद होते, तो यह दुर्घटना और भी गंभीर रूप लेसकती थी।गाड़ी चलाने की सलाह देती है, लेकिन कुछ चालक लापरवाही बरतते हैं, जिससे ऐसी घटनाएं होती हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन न चलाने की अपील की है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मठ मंदिर में बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

महाशिवरात्रि पर्व 2026 के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक दिनांक 07 फरवरी 2026, शनिवार को रात्रि 8 बजे मठ मंदिर, सिवनी में आयोजित होगी। मठ महाकाल समिति एवं मठ महाकाल महिला समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस बैठक में महाशिवरात्रि पर्व के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। समिति द्वारा शहर के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समिति सदस्यों से बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव देने की अपील की गई है। आयोजकों के अनुसार, श्रद्धालुओं की सहभागिता से ही महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाया जा सकेगा।

## सांसद श्री कुलस्ते का दौरा कार्यक्रम

**सिवनी,/** लोकसभा एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति सभापति एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते प्राप्त अधिकृत प्रवास कार्यक्रम अनुसार 07 फरवरी 2026 को सिवनी जिले के प्रवास में रहेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम अनुसार सांसद श्री कुलस्ते रात्रि 08:30 बजे सिवनी पहुँचकर स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम उपरांत श्री कुलस्ते रात्रि 09.00 बजे नागपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# शंकराचार्य चौक श्रीगणेश मंदिर के 35वें पाटोत्सव पर हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



नगर के शंकराचार्य चौक स्थित श्रीगणेश मंदिर (छिंदवाड़ा चौक) में भगवान श्रीगणेश का 35वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्वक से मनाया गया। 3 से 5 फरवरी तक चले कार्यक्रमों में विविध धार्मिक अनुष्ठान किए गए। 3 फरवरी को सुबह 7 बजे अभिषेक व आकर्षक श्रृंगार के साथ कार्यक्रमों का प्रारंभ किया गाय। 8 बजे सामूहिक गणेश मंत्र जाप व आरती के बाद 56 व्यंजनों का महाभोग लगाया गया। दोपहर 3 बजे हवन-पूजन तथा 6 बजे 108 दीपों का दीपदान किया गया। इसके बाद महाप्रसाद वितरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। 4 फरवरी की सुबह 8 बजे पूजन-आरती, दोपहर 2 बजे सहस्त्र अर्चन के बाद महिला मंडल ने भजन कीर्तन किया, रात 8 बजे महाआरती हुई। 5 फरवरी को सुबह 8 बजे श्रृंगार, पूजन व आरती, दोपहर 3 बजे मासिक गणेश चतुर्थी हवन-पूजन व दीपदान के बाद महाआरती हुई। पुजारी पं. हरिकुमार तिवारी ने बताया कि तीन दिवसीय पाटोत्सव के कार्यक्रम विश्व शांति, प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति, संकट निवारण व मनोकामना पूर्ति की भावना से किए गए।

## स्नातक प्रथम वर्ष के परीक्षा फॉर्म के भरे जा रहे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी के हेल्प डेस्क प्रभारी डॉ मान सिंह बघेल द्वारा जानकारी दी गई कि स्नातक प्रथम वर्ष स्वाध्यायी एवं नियमित बीए, बीकॉम, बीएससी के परीक्षा फॉर्म दिनांक 4 फरवरी से भरना प्रारंभ हो गये हैं। विद्यार्थियों को सूचित किया गया है कि वह अपने मोबाइल से परीक्षा फॉर्म भरे एवं महाविद्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा फार्म अप्रूवल समिति के समक्ष आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर फार्म अप्रूव करावे। उसके बाद ही विद्यार्थी फीस जमा कर सकेंगे। महाविद्यालय में परीक्षा फार्म के संबंध में हेल्प डेस्क बनाया गया है।विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या आने पर हेल्प डेस्क सेंटर से मदद एवं मार्गदर्शन ले सकते हैं।

# अशोक एण्ड अशोक अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।




यंग स्टार क्लब, सिवनी के तत्वावधान में स्वर्गीय सौभाग्यचंद मालू की स्मृति में आयोजित अशोक एण्ड अशोक अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 7 फरवरी 2026, शनिवार को दोपहर 2.30 बजे पुलिस ग्राउंड, सिवनी में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर की नामचीन 20 हॉकी टीमें भाग लेंगी, जिससे सिवनी में खेल का उत्साह चरम पर है।
प्रतियोगिता से पूर्व 6 फरवरी 2026, शुक्रवार को पुलिस ग्राउंड से अतिथियों एवं खिलाड़ियों की सहभागिता के साथ मशाल रैली निकाली जाएगी, जो खेल भावना, एकता और उत्साह का संदेश देगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सुनील कुमार मेहता, पुलिस अधीक्षक, सिवनी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजीत जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, म.प्र. भाजपा करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में महेन्द्र उडके, वन मंडल अधिकारी (उत्तर सिवनी) तथा अशोक ध्यानचंद, पूर्व ओलंपियन, अर्जुन अवार्ड एवं मेजर ध्यानचंद लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित, अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे।
प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक के रूप में भारती पारधी (सांसद, बालाघाट-सिवनी), कमल मर्सकोले (विधायक, बरघाट), ठाकुर रजनीश सिंह (विधायक, केवलारी) एवं दिनेश राय मुनमुन (विधायक, सिवनी) का मार्गदर्शन प्राप्त रहेगा।
इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले रही सितारों से सजी भोपाल 11 टीम विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। टीम के ऑनर काबिज़ खान, जीशान खान, कलाम खान एवं फैसाल मुल्ला के नेतृत्व में यह टीम संतुलित एवं आक्रामक संयोजन के साथ मैदान में उतरेगी।
गोलकीपर आशु टीम की सुरक्षा दीवार होंगे। डिफेंस में मोहसिन, इनाम, शाकिर और सद्दाम विपक्षी टीमों के लिए चुनौती बनेंगे। मिडफील्ड की जिम्मेदारी साहिर भाई एवं मोइज संभालेंगे, जबकि मुस्तफा साइड हाफ की भूमिका में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।फॉरवर्ड लाइन में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उमर तथा भारतीय खिलाड़ी अफ्फान यूसुफ की मौजूदगी टीम की सबसे बड़ी ताकत है। इनके साथ अनस एवं अख्तर की तेज रफ्तार आक्रमण क्षमता टीम को खिताब का प्रबल दावेदार बना रही है।
आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी अब्दुल काबिज़ खान ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। पुलिस ग्राउंड में मैदान की साज-सज्जा, खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, दर्शकों के बैठने की सुविधाएं एवं तकनीकी व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार हैं। बाहरी जिलों एवं राज्यों से आने वाली टीमों के स्वागत की विशेष तैयारी की गई है, ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।
उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगी, बल्कि सिवनी जिले की खेल पहचान को भी नई ऊंचाई देगी। आयोजन समिति के सभी सदस्य पिछले कई दिनों से लगातार तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिले के खेल प्रेमियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं।

# गौरक्षा के लिए चार धाम व 12 ज्योतिर्लिंग की पदयात्रा

## सिवनी से होकर निकला यूपी के सीतापुर का युवक



गौरक्षा के उद्देश्य को लेकर एक युवक चार धाम,12 ज्योतिर्लिंग और पंच केदार की पद यात्रा पर निकला है। यूपी के सीतापुर जिले के रहने वाले आकाश शुक्ला ने बताया कि उनकी यात्रा का एक ही मकसद है कि गौरक्षा के लिए बेहतर से बेहतर काम होना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पिछले माह एक जनवरी से सीतापुर से निकले आकाश के अनुसार यात्रा के दौरान लोगों को गौरक्षा का भी संदेश दे रहे हैं।

**पूर्व में की थी बाइक से यात्रा**

आकाश के अनुसार वर्ष 2018 में उसने बाइक से चार धामों की यात्रा की थी। आकाश ने बताया कि गौरक्षा के लिए बेहतर काम होना चाहिए। इसे लेकर शासन-प्रशासन गंभीर हों। दिन भर पदयात्रा करने के बाद रात में वे रूकते हैं और सुबह फिर से यात्रा शुरु हो जाती है। वे अपने साथ जरूरी सामग्री लेकर चल रहे हैं।

# हिंदी विभाग की छात्राओं ने नेट परीक्षा में लहराया सफलता का परचम





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के हिंदी विभाग की तीन छात्राओं ने दिसंबर 2025 में आयोजित नेट परीक्षा में सफलता हासिल की है. पिछले 15 वर्षों से हिंदी विभाग नेट और सेट परीक्षा में सफलता अर्जित करने और महाविद्यालय में स्वस्थ शैक्षिक माहौल निर्मित करने में अहम भूमिका निभा रहा है. हिंदी विभाग के प्रोफेसर सत्येन्द्र कुमार शेन्डे ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रा आयशा अंसारी, रानी पगारे और सुष्मिता कुर्वेती ने दिसंबर 2025 में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में सफलता हासिल कर हिंदी विभाग और कॉलेज का गौरव बढ़ाया है. बताया कि कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए नेट परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है. यूजीसी के निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी प्रतिवर्ष नेट परीक्षा आयोजित करती है. तीनों छात्राओं ने पिछले सत्र में ही अपनी एमए की डिग्री पूरी की है.

***अभावों से जूझते हुए रानी ने पाई सफलता**

आदिवासी बहुल विकासखंड कुरई के ग्राम बकोड़ी निवासी रानी पगारे ने आर्थिक अभावों से जूझते हुए नेट परीक्षा की तैयारी की. रानी के पिता राधेश्याम पगारे और माँ विमला पगारे खेती-बाड़ी से अपना जीवन यापन करते हैं. रानी की तीन बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है. छोटा भाई भी एमए कर रहा है, जिसने हर समय रानी की मदद की. नेट परीक्षा में सफलता के लिए मूल संदर्भ किताबों का अध्ययन किया और मोबाइल के माध्यम से भी उसने अपनी पढ़ाई की. अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए रानी ने बताया कि प्रोफेसर सत्येन्द्र शेन्डे उसके प्रेरणास्रोत और मार्गदर्शक रहे हैं. बताया कि प्रोफेसर शेन्डे ने पुस्तकें उपलब्ध कराई और हमेशा हौसला बढ़ाया. रानी ने बताया कि विभाग की शिक्षिका छाया राय ने भी सफलता के लिए प्रेरित किया. रानी का सपना असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर शिक्षा का उजियारा फैलाना है.

**हर वर्ष नेट उत्तीर्ण विद्यार्थी देना हिंदी विभाग का लक्ष्य - प्रो. सत्येन्द्र शेन्डे**

प्रोफेसर शेन्डे ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से हिंदी विभाग से हर वर्ष कोई न कोई विद्यार्थी नेट परीक्षा उत्तीर्ण करता है. हिंदी विभाग के कुछ विद्यार्थी लोक सेवा आयोग से चयनित होकर नियमित प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं. हिंदी विभाग को अपने विद्यार्थियों पर गर्व है. प्रोफेसर शेन्डे ने बताया कि व्यक्तिगत रुप से भी वे अपने छात्र-छात्राओं की यथासंभव मदद करते हैं. अपने पास की किताबें भी अध्ययन के लिए देते हैं और आवश्यकता पडने पर अपने घर बुलाकर भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर सहायता करते हैं.

**आयशा ने जुनून से पाई सफलता**

छपारा विकासखंड के गांव भरगा निवासी आयशा अंसारी कॉलेज में हिंदी की प्रोफेसर बनकर उच्च शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ाना चाहती हैं. यूजी में गणित और कंप्यूटर साइंस होने के बावजूद उन्होंने हिंदी में एमए किया और नेट परीक्षा में सफलता के लिए जुनून के साथ तैयारी की. आयशा ने बताया कि समय प्रबंधन, संदर्भ किताबें और नोट्स नेट में सफलता के लिए बेहद आवश्यक हैं. बताया कि उसके माता-पिता और भाई ने हमेशा सहयोग किया. प्रोफेसर सत्येंद्र शेन्डे को वह अपना आदर्श मानती हैं. बताया कि प्रोफेसर शेन्डे ने नेट परीक्षा में सफलता के लिए हमेशा मनोबल बढ़ाया. आदिवासी बहुल विकासखंड कुरई के छोटे से गाँव पतरई की रहने वाली हिंदी विभाग की छात्रा सुष्मिता कर्वेती ने अपने गुरु प्रोफेसर सत्येन्द्र शेन्डे से प्रेरित होकर कॉलेज में प्रोफेसर बनने की ठानी।

# ओपन वर्ग में ज्वाला देवी सेमीफाइनल तो वेटरन वर्ग में जेआरबी पटेल पहुंची क्वार्टर फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मिशन स्कूल ग्राउंड में आयोजित पार्षद गोल्ड कप ओपन और वेटरन वर्ग डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट अब अंतिम चरण में है जिसके मेगा फाइनल के महामुकाबले 8 फरवरी को खेले जाएंगे।
ज्ञात हो कि 24 फरवरी से आयोजित पार्षद गोल्ड कप क्रिकेट डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में ओपन वर्ग में जिले की 8 टाप टीमें तो वेटरन वर्ग की 22 टीमों ने अपने खेलों का प्रदर्शन करते हुए अपनी विरोधी टीमों को मात देते हुए लीग से क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल पहुंची और पहुंचने की भिंड़त जारी है। इस भिंड़त से जूझकर आने वाली टीमों का महामुकाबला 8 फरवरी को खेला जाना है पार्षद गोल्ड कप अपने नाम करने अब मुकाबले अंतिम चरण में हैं। 5 फरवरी को खेले गए ओपन वर्ग के मैचों में पहला मैच अजान रायल सिटी और ज्वाला देवी टाइगर्स के मध्य खेला गया खेला गया। जबकि दूसरा मुकाबला अजान 11 और कृष्णम आइकन के मध्य खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी अजान 11 ने निर्धारित 8 ओवरों में 6 विकेट खोकर 100 रनों लक्ष्य विरोधी टीम के समक्ष रखा अजान 11 की ओर बल्लेबाजी करते हुए इमरान ढिल्लन ने 28, अनस खान 24 और असीम 26 रन बनाए वहीं कृष्णम आइकन की ओर से गेंदबाजी में आलोक कुमार ने 2 ओवर में 11 रन देकर 3 और 2 ओवर में 17 रन खर्च करते हुए 2 विकेट झटके अपने लक्ष्य का पीछा करने उतरी कृष्णम आइकन ने बिना विकेट खोए यह लक्ष्य को 6.5 ओवर में ही हासिल करते हुए 10 विकेट से यह मैच आसानी जीत लिया कृष्णम आइकन के ओपनर बल्लेबाजों में आलोक कुमार ने 21 गेंदों में 55 रन की पारी खेलते हुए 7 छक्के और 4 चौंके लगाए वहीं शुभम पटेल ने 20 गेंदों में 6 छक्कों की मदद से 42 रनों की लाजवाब पारी खेली। ओपन वर्ग का तीसरा मुकाबला ज्वाला देवी टाइगर्स और जैस 11 के मध्य खेला गया जहां पहले बल्लेबाजी करते हुए ज्वाला देवी टाइगर्स ने 7 खिलाड़ियों को खोकर 84 रनों का स्कोर निर्धारित 8 ओवरों में जैस 11 के सामने रखा जिसका पीछा करते हुए 6.4 ओवर में ही जैस के खिलाड़ियों ने 5 विकेट गंवाकर कर यह लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज कराई। अपने शानदार खेल प्रदर्शन टीम के अनुशासन और एकजुटता के चलते टीम ज्वाला देवी टाइगर्स ने ओपन वर्ग की श्रृंखला में सेमीफाइनल के लिए पहली टीम बनी।
अंतिम मुकाबला वेटरन वर्ग की टीम एमसीजी और सिंघम के बीच खेला गया 8 ओवरों के इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए एमसीजी ने 4 विकेट खोकर 67 रन ही बना सकी जिसके जवाब में टीम सिंघम ने यह मुकाबला 3 गेंद पहले अपने 5 विकेट गंवाकर कर 5 विकेट जीत लिया। इन मैचों में निर्णायक की भूमिका में सुनील सिंह, बंटी शैरा, राजा यादव, मिथलेश रहे जबकि आनलाईन स्कोरिंग में जीत सिंह, जस्टिन ठाकुर का योगदान रहा।

### बोरदई शासकीय हाई स्कूल जनता नगर में सृजन बालसभा

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा द्वारा बाल मित्रों से जीवंत संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



पुलिस मुख्यालय,मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा किशोरों के सर्वांगीण विकास हेतू चलाए जा रहे सृजन व सम्मान अभियान की गतिविधियों के अंतर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक मिश्रा के निर्देशन और आतिथ्य में कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे और मार्गिक फाउंडेशन द्वारा बोरदई हाई स्कूल जनता नगर में बाल सभाग् में उपस्थित छात्र छात्राओं को शासकीय सेवाओं हेतु प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें संबंधित जानकारी,कैरियर काउंसिलिंग गाइडेंस पाठ्यक्रम, सामान्य अध्ययन (इतिहास, राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था,भूगोल, विज्ञान, करेंट अफेयर्स, खेल व विविध),सामान्य हिंदी व अग्रेंजी,सामान्य गणित व तार्किक ज्ञान अंतर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों की तैयारी विद्यालय की कक्षा छठवीं से दसवीं तक की किताबों के माध्यम से कैसे करें व अन्य बुनियादी पुस्तकों की जानकारी दी गई।साथ ही विद्यालयीन पढ़ाई के साथ साथ आकाशवाणी,दूरदर्शन से प्रसारित कार्यक्रमों व समाचारों को नियमित सुनने,मुख्य तथ्यों की डायरी तैयार करने,दैनिक समाचार पत्रों और प्रतियोगिता परीक्षाओं संबंधित साप्ताहिक पत्र रोजगार निर्माण,रोजगार समाचार में प्रकाशित जानकारी को कैसे उपयोगी बनाएं व अन्य मासिक पत्रिकाओं, वार्षिकांक,ईयर बुक्स की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यायल शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा (महाविद्यालय, विश्वविद्यालय) हेतू मिलने वाली छात्रवृत्ति,मेडिकल, इंजीनियरिंग व अन्य तकनीकी और मानविकी विषयों,डिप्लोमा व कोर्स की सूची समझाई गई। सेना,पैरामिलिट्री, पुलिस यूनिफार्म सर्विसेज हेतू शारीरिक व चिकित्सा मापदंड, फिजिकल टेस्ट की तैयारी की जानकारी दी गई साथ ही एक अच्छा नागरिक बनने,व्यक्तित्व विकास,साक्षात्कार प्रक्रिया में बेहतर परिणाम हेतू अन्य शैक्षणेत्तर गतिविधियों स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस, स्पोर्ट्स, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक गतिविधियों में प्रतिभागिता के महत्व को समझाया गया।साथ ही साइबर सुरक्षा,हेल्प लाइन (112, 1090, 1098, 1930),यातायात सुरक्षा,राहवीर योजना,गु्ड टच-बैड टच,सेल्फ डिफेंस, सिविक सेंस और पुलिस विभाग की जानकारी सांझा की गई।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र मे भूमिपूजन कर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

गत दिवस सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने क्षेत्र के विकास को गति देने के संकल्प के साथ लाखों की लागत के विकास कार्यों का विधी विधान से भूमिपूजन किया। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरीकलां मे प्रातः 10 बजे देवरीकलां से धोरिया की ओर एप्रोज रोड, विजना नदी मे स्नान घाट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार ग्राम पहाड़ी, ग्राम केकड़ा मे सत्संग भवन मे अतिरिक्त कार्य सह शापिंग कांप्लेक्स निर्माण, ग्राम पौण्डी के छिन्दवाह मे स्नान घाट, छिन्दवाह से अमानटोला की ओर एप्रोज रोड, ग्राम नयेगांव (झिरी) मे नवलगांव से बक्सी की ओर एप्रोज रोड, झिरी मे स्नान घाट, ग्राम लाठगांव मे सामुदायिक भवन, पुलिया निर्माण, बिजना नदी मे स्नान घाट निर्माण, ग्राम तेंदनी मे तेंदनीटोला से चिखली की ओर एप्रोज रोड, मोक्षधाम के पास निर्माण, ग्राम चमारीकलां में सामुदायिक भवन, ग्राम नांदियाकलां मे शमशान घाट के पास स्नान घाट, नांदियाकलां से बंजर की ओर एप्रोज रोड, ग्राम इमलीपठार मे इमलीपठार से जुबान की ओर एप्रोज रोड, भारतेंदनी मे स्नान घाट, ग्राम मुंडरई मे प्रधानमंत्री रोड वाले तालाब मे स्नान घाट, सामुदायिक भवन, मुंडरई से मुण्डाटोला की ओर एप्रोज रोड, मुण्डाटोला स्कूल मे बाउंड्री वॉल सह मैदान, ग्राम देवगांव मे मुरझोर रोड वाले तालाब मे स्नान घाट, देवगांव से बंजारी बाघदेव की ओर एप्रोज रोड निर्माण कार्य जैसे विकास कार्यों की सौगातों के भूमिपूजन के साथ-साथ ही विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर बातचीत किया तथा समस्याओं को सुना।
इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने उपस्थितों को वीबी जीराम जी अधिनियम के संबंध मे जानकारी दिया। साथ ही कहा कि आज हम सभी मिलकर अपने क्षेत्र के विकास के लिए नए कदम उठा रहे हैं। मेरा संकल्प धरातल पर काम करके आपके जीवन को सुगम बनाना है।

## नियमों को लागू करने और सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक हटाने की अपील

# खैरलांजी और कटंगी में यूजीसी नियमों को लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले के खैरलांजी और कटंगी में शुक्रवार को यूजीसी नियमों को लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से इन नियमों को तुरंत लागू करने और सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक हटाने की अपील की।**

खैरलांजी में यूजीसी नियमों के समर्थन में धरना दिया गया। वहीं, कटंगी में एससी, एसटी और ओबीसी सहित अल्पसंख्यक वर्ग के सदस्यों ने रैली निकाली और एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। सभी प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग यूजीसी नियमों को लागू करना था।

दरअसल, यूजीसी नियमों को लेकर समाज में पक्ष और विपक्ष में धड़े बंट गए हैं। इससे पहले, बालाघाट में सकल स्वर्ण समाज ने इन नियमों को 'फांसी का फंदा' बताते हुए इन्हें वापस लेने की मांग की थी। जबकि दूसरा धड़ा, इसे एससी, एसटी और ओबीसी के हित में बताते हुए इसका समर्थन कर रहा है।

कटंगी में यूजीसी के समर्थन में प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए डॉ. फारूख अंसारी ने दो प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि सरकार ओबीसी की जातिगत जनगणना कराए और जनगणना कॉलम में ओबीसी का कॉलम जोड़ा जाए। इसके अतिरिक्त, सरकार यूजीसी नियमों को लेकर लाए गए अध्यादेश को कानूनी रूप दे, उसे तुरंत लागू करे और सुप्रीम कोर्ट में अपने अधिवक्ता के माध्यम से स्टे हटाने की कार्यवाही करे।

## विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों ने किया सत्कार

# 7 बरस बाद स्वदेश लौटा प्रसन्नजीत



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले के खैरलांजी का प्रसन्नजीत रंगारी करीब 7 वर्ष बाद पाकिस्तान की जेल से छूटकर स्वदेश लौट आया है। शुक्रवार की शाम 7 बजे प्रसन्नजीत अमृतसर से करीब 1500 किमी. सड़क मार्ग होते हुए कटंगी पहुंचे। यहां स्थानीय विश्रामगृह में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, एसडीएम के.सी. ठाकुर, एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा, सीईओ गायत्री कुमार सारथी, जनपद सदस्य मनोज बोपचे, नेगेंद्र चौहान, अरविंद देशमुख ने प्रसन्नजीत को पुष्प हार पहना कर स्वागत किया। प्रसन्नजीत की रिहाई और घर वापसी के बाद विधायक ने प्रेसवार्ता में इसे राज्य और केंद्र सरकार की प्रत्येक नागरिक के प्रति की जिम्मेदारी और चिंता की जीत बताई। उन्होंने प्रसन्नजीत को वापस लाने में प्रयास करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। शाम 08 बजे प्रसन्नजीत महकेपार पहुंचा। जहां पूरा गांव उसे देखने के लिए उमड़ पड़ा। बहन संघमित्रा भी भाई को देखकर भावुक हो उठी। बता दें विगत दिवस 31 जनवरी को पाकिस्तान ने भारत के 7 लोगों को रिहा किया था। जिसमें पंजाब मूल के 6 लोगों के अलावा बालाघाट का प्रसन्नजीत रंगारी भी शामिल है। सभी कैदियों को अटारी बाघा बॉर्डर पर बीएसएफ के हवाले किया गया था। जहां से सभी कैदियों को उनके परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की गई। अमृतसर पुलिस ने खैरलांजी पुलिस से संपर्क किया और प्रसन्न जीत की बहन संघमित्रा खोबरागड़े जो महकेपार की निवासी है उसे भाई के रिहा होने की सूचना दी। संघमित्रा करीब 04 वर्षों से अपने भाई की रिहाई के लिए संघर्ष कर रही थी। पुलिस ने संघमित्रा को बताया था कि उनका भाई रिहा होने के बाद रेड क्रॉस भवन मजीठा रोड अमृतसर में है वह वहां पहुंचकर अपने भाई को ला सकती है। संघमित्रा ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण भाई को अमृतसर से लाने में असमर्थता जताई। इसके बाद जिला कलेक्टर मृणाल मीणा ने सरकारी खर्च पर प्रसन्न जीत को वापस बहन के घर यानी महकेपार तक लाने का बीड़ा उठाया। 3 फरवरी को महकेपार से एक दल जिसमें रोजगार सहायक आशीष वासनिक, योगेंद्र चौधरी, आरक्षक लक्ष्मी बघेल के अलावा प्रसन्नजीत का जीजा राजेन्द्र खोब्रागड़े वह अमृतसर के लिए रवाना हुए थे।

फिलहाल प्रसन्नजीत के भारत लौटकर आने के बावजूद यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान कैसे पहुंचा था। श

बताया जाता है कि प्रसन्नजीत रंगारी साल 2017-18 को घर से लापता हुआ था तब वह बिहार चले गया था लेकिन तब तो वह लौट आया था। लेकिन अचानक वह फिर से घर से लापता हुआ। घर वालो ने लंबे समय तक उसकी तलाश की और उसे मृत मान लिया था लेकिन दिसंबर 2021 में एक फोन आया और पता चला कि उनका भाई प्रसन्नजीत पाकिस्तान की जेल में बंद है। 1 अक्टूबर 2019 में प्रसन्नजीत को पाकिस्तान के बाटापुर से हिरासत में लिया गया। उस समय तक उस पर किसी तरह के आरोप तय नहीं हुए थे वह सुनिल अदे के नाम से बंद था। प्रसन्नजीत रंगारी ने जबलपुर के गुरु रामदास खालसा इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी से बी. फार्मेसी की पढ़ाई करवाई थी। पढ़ाई पूरी कर साल 2011 में एमपी स्टेट फॉर्मसी काउंसिल में अपना रजिस्ट्रेशन किया था। इसके बाद वह आगे की पढ़ाई करना चाहता था, लेकिन मानसिक स्थिति खराब होने के कारण पढ़ाई छोड़कर घर आ गया।

# 8 फरवरी को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ निकालेगा पेंशन-वरिष्ठता रैली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आशीष बिसेन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिला मुख्यालय पर जिले के शिक्षक 8 फरवरी को पेंशन-वरिष्ठता रैली निकालेंगे रैली में अधिक से अधिक शिक्षको को शामिल होने के लिए लिए संगठन के पदाधिकारी विभिन्न स्कूल में पदस्थ शिक्षक साथियों से संपर्क कर रहे है।आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के आह्वान पर मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में पेंशन रैली निकाली जा रही है। संगठन के जिलाध्यक्ष आशीष बिसेन ने बताया कि रिटायर्ड होने वाले शिक्षक को मात्र 4000 से 5000 तक की मामूली पेंशन मिल रही है, शिक्षकों की 2018 से पहले की सेवाएं शून्य कर दी गई है जिसके कारण रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली ग्रेजुएटी की राशी में भारी नुकसान हो रहा है इन सभी कारणों से मध्यप्रदेश के शिक्षक अपनी न्यायोचित मांग के लिए रैली निकाल रहे है 1 शिक्षक बालाघाट में मोतीनगर गार्डन से 2:30 बजे रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौंपेंगे आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने अधिक से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से अपनी मांगों के समर्थन में पहुंचने की अपील की है।

# बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत अत्यधिक तीव्र ध्वनि में उपयोग नही होंगे ध्वनि विस्तारक यंत्र

**बालाघाट।** आगामी दिनों में आने वाले महाशिवरात्रि, होली, गुड़ी पड़वा, चैती चांद, ईद-उल-फितर, रामनवमी, डॉ. अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा आदि त्यौहारों के दौरान जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति बनाये रखने की दृष्टि से 06 फरवरी को कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ एवं अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे द्वारा संयुक्त रूप से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निहित उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, अन्य विभागों के अधिकारी एवं सभी धर्मो से जुड़ी संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान बताया गया कि जिले में सभी धार्मिक आयोजन एवं त्यौहार कानून के दायरे में रहकर आपसी समन्वय एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाए जाएंगे। आगामी दिनों में आने वाले त्यौहारो के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में सभी सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएँ जिला प्रशासन को सहयोग करे। जिला प्रशासन सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य करेगा और किसी भी व्यक्ति को जिले की शांति भंग नही करने देगा।

बैठक में यह भी तय किया गया कि बीमार, वृद्धजन एवं छात्र छात्राओं की पढ़ाई को देखते हुए निर्धारित मापदण्ड से अधिक आवाज के ध्वनि विस्तारक यंत्र नही बजाए जाएंगे। आयोजनो के दौरान साफ सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखा जाएगा। इसके साथ ही चल समारोह एवं जुलूस आदि पूर्व निर्धारित मार्ग से ही निकाले जाएंगे।

# जल जीवन मिशन से बदली ग्राम डोरली की तक़दीर, हर घर पहुँचा स्वच्छ जल



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग बालाघाट द्वारा संचालित जल जीवन मिशन ने लालबर्रा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्राम डोरली में ऐतिहासिक बदलाव लाया है। जिला मुख्यालय से लगभग 24 किलोमीटर दूर स्थित इस ग्राम की आबादी 1125 है। जल जीवन मिशन से पहले ग्राम डोरली के ग्रामीण पेयजल के लिए कुओं और हैंडपंपों पर निर्भर थे, जहां महिलाओं और बच्चों को रोजाना लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता था, जिससे समय की बर्बादी के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बनी रहती थीं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम डोरली को हर घर जल योजना से जोड़ा गया, जिसके तहत गांव में पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर को नल कनेक्शन प्रदान किया गया तथा जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम स्तर पर नियमित जांच की व्यवस्था की गई और ग्रामीणों की सहभागिता से पानी समिति का गठन कर योजना के संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा किरनापुर का हुआ गठन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा किरनापुर का गठन डी सी बिसेन की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद हेतु श्री डी डी मेश्राम ,उपाध्यक्ष श्री भूपेंद्र अजीत, कोषाध्यक्ष पवन बिसेन, सचिव श्रीमुकीम कुरैशी का चयन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित आर पी मिश्रा, ओ पी मिश्रा ,एस आर परिहार, शंकर सिंह कछवाह,उमा ताई मेश्राम, एस एल चापेकर, एम आर बागड़े , डी एन राहंगडाले यू आर भारद्वाज, वी एन मेश्राम, राजकुमारी उके, नरेंद्र सिंह तोमर,खूमेश चंद राहंगडाले,अजीत कोमल चशामराव गोंदुडे ,जे एल जीजोते,ए के रामटेके एवं अन्य पेंशनरों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

# गुडरू पंचायत में सालों पुराने अतिक्रमण को हटाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले की गुडरू पंचायत में सालों पुराने अतिक्रमण को हटाया गया। तहसीलदार, पुलिस और पंचायत अमले ने मिलकर पंचायत भवन के पास की सरकारी जमीन पर बने सात अवैध कब्जों को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया।**



पंचायत भवन के आसपास खसरा नंबर 89 की सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने लंबे समय से कब्जा कर रखा था। पंचायत इस जमीन को खाली कराने के लिए काफी समय से कोशिश कर रही थी। साल 2024 और 2025 में जमीन की नाप-जोख (सीमांकन) की गई, जिसके बाद लामता तहसीलदार ने 16 जनवरी को बेदखली के आदेश जारी किए थे। प्रशासन की इस कार्रवाई का गांव वालों ने स्वागत किया है। ग्रामीण संतोष दमाहे का कहना है कि ऐसी कार्रवाई से सरकारी जमीन सुरक्षित रहेगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि खाली हुई जमीन पर जल्द से जल्द विकास कार्य शुरू किए जाएं। सरपंच प्रतिनिधि बघेल ने बताया कि यह जमीन अब पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त हो चुकी है। ग्रामीणों की मांग और जरूरत को देखते हुए इस जगह पर जल्द ही एक व्यापारिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक, पटवारी और भारी पुलिस बल तैनात रहा ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

## 10 MVA का नया पावर ट्रांसफार्मर लगा

**बालाघाट।** अधिक्षण अभियंता अमित कुमार के मार्गदर्शन एवं कार्यपालन अभियंता रवि कुम्हरे के नेतृत्व में करंजा वितरण केंद्र स्थित पावर हाउस में 10 MVA का नया पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया है। साथ ही विभागीय वर्क प्लान स्कीम के अंतर्गत पूर्व में 5 MVA क्षमता वाले PTR को बढ़ाकर 10 MVA किया गया है, जिससे अब करंजा सबस्टेशन की कुल पावर क्षमता 15 MVA हो गई है।इस क्षमता वृद्धि से करंजा एवं आसपास के लगभग 35 ग्रामों में लंबे समय से चली आ रही लो-वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। उल्लेखनीय है कि रबी सीजन में कृषि पंपों का लोड बढ़ जाने के कारण इस क्षेत्र में आए दिन वोल्टेज की समस्या बनी रहती थी। अब किसानों को पंपों में पर्याप्त वोल्टेज मिलेगा, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को भी बिजली आपूर्ति में सुधार देखने को मिलेगा।

## सुसाइडः वैनगंगा पुल से नदी में कूदा 65 साल का बुजुर्ग



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट में वैनगंगा नदी के पुल से छलांग लगाने वाले 65 साल के बुजुर्ग गणेश भरणे की जान लोगों की सतर्कता से बच गई। शुक्रवार दोपहर हुई इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को खबर दी।

बताया जा रहा है कि गणेश भरणे अपने परिवार की अनदेखी और तिरस्कार से काफी दुखी थे। इसी मानसिक तनाव के चलते उन्होंने पुल से नदी में कूदकर जान देने की कोशिश की। गनीमत रही कि कुछ लोगों ने उन्हें कूदते देख लिया और समय रहते मदद पहुंच गई।

सूचना मिलते ही पुलिस की एफआरवी वैन मौके पर पहुंची और बुजुर्ग को नदी से सुरक्षित बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत में अब सुधार है।

थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने बताया कि बुजुर्ग का इलाज चल रहा है। पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है और जल्द ही उनके परिवार से चर्चा की जाएगी। साथ ही, गणेश भरणे के रहने और देखभाल के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे ताकि उन्हें दोबारा ऐसा कदम न उठाना पड़े।

## आदर्श दानपात्र सेवा समिति बालाघाट की पहल

# दुर्गम वनांचल में मानवता की गर्माहट, जरूरतमंद आदिवासी परिवारों को मिला सहारा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जहां पहाड़, जंगल और कठिन जीवन परिस्थितियाँ हैं, वहीं ग्राम गांगुलपार में मानवता की एक उजली किरण भी दिखाई दी। आदर्श दानपात्र सेवा समिति, बालाघाट (मध्य प्रदेश) द्वारा दिनांक 6 जनवरी 2026 को दुर्गम वनांचल क्षेत्र में निवासरत 40 जरूरतमंद आदिवासी परिवारों के लिए एक भावपूर्ण सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कड़ाके की ठंड, सीमित संसाधन और संघर्षपूर्ण जीवन के बीच जब समिति के सदस्यों ने इन परिवारों को कंबल एवं आवश्यक सामग्री सौंपी, तो कई चेहरों पर राहत और आँखों में कृतज्ञता साफ झलक रही थी। यह सहायता आदर्श दानपात्र एवं जनसहयोग से संभव हो सकी।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आदर्श दानपात्र सेवा समिति विगत कई वर्षों से निस्वार्थ भाव से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का कार्य कर रही है। केवल राहत सामग्री ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों और बच्चों की शिक्षा, सहयोग एवं संवेदनशील सामाजिक कार्यों के माध्यम से अनेक जिंदगियों को सहारा दिया जा रहा है।इस सेवा कार्य का उद्देश्य केवल ठंड से बचाव नहीं, बल्कि यह संदेश देना भी है कि समाज का कोई भी व्यक्ति अकेला नहीं है। जब जनसहयोग और सेवा भाव एक साथ आते हैं, तो उम्मीद जन्म लेती है।इस अवसर पर समिति द्वारा सभी दानदाताओं, श्री भक्त प्रह्लाद पटले, अमित सूर्यवंशी सूर्यवंशी, अनुप गुप्ता, आशालता वैद्य जी सहयोगकर्ताओं एवं जनसहयोग प्रदान करने वाले नागरिकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से जरूरतमंदों तक मदद की गर्माहट पहुँच सकी।आदर्श दानपात्र सेवा समिति ने संकल्प लिया कि मानवता, सेवा और संवेदना की यह यात्रा आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## क्षेत्र के विकास के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे,आप विश्वास बनाये और सयंम रखें : गौरव सिंह पारधी

# कोसमी एवं बहाकल में करोड़ों की लागत से बनेगी सड़कें, विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बहाकल में लगभग रू2 करोड़ 93 लाख की लागत से बनने वाली बाहकल–अर्जुनी–सावंगी–उमरी मार्ग एवं अन्य सी.सी. रोड निर्माण एवं कोसमी 1करोड 27 लाख की लागत से बनने वाली बोपली से कोसमी मार्ग एवं अन्य सी सी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया इस दौरान ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत भूमि पूजन कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। यह मार्ग क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो अब साकार होने जा रही है। इस अवसर पर वृद्धावस्था पेंशन एवं आवासीय पट्टों का वितरण भी किया गया। इस दौरान संबोधित करते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हम निरंतर प्रतिबद्ध हैं। मैं आप सभी को विश्वास दिलाना चाहता हूं की कटंगी विधानसभा क्षेत्र में किसी प्रकार का विकास कार्य होगा तो आप कहीं पर भी पीछे नहीं रहेंगे आप हमको समय दीजिए अच्छे से अच्छी सड़के बनेगी पानी की व्यवस्था करेंगे बच्चों के शिक्षा की व्यवस्था करेंगे क्षेत्र के विकास के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ेंगे आप सभी के सहयोग और विश्वास के लिए आभार। शिलान्यास कर ग्रामीण विकास की दिशा में नए कार्यों की शुरुआत की। ग्रामों में होने वाले ये निर्माण कार्य स्थानीय विकास को नई दिशा देंगे और ग्रामवासियों को बुनियादी सुविधाओं से सशक्त करेंगे।

### गौरव भैया की मेहनत और सक्रियता से जिले में सबसे ज़्यादा कटंगी-खैरलांजी विधानसभा में हो रहे विकास कार्य : केसर बिसेन

इस दौरान संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने कहा की हम सभी सौभाग्यशाली है जो हमे गौरव भैया जैसा विधायक मिला है गौरव भैया की मेहनत और सक्रियता से जिले में सबसे ज़्यादा विकास कार्य कटंगी-खैरलांजी विधानसभा में हो रहे।

### बोपली से कोसमी मार्ग का हुआ भूमिपूजन



ग्राम कोसमी में बोपली से कोसमी रोड 2.20 किलोमीटर लागत 112.42 लाख से बनने वाली रोड का भूमिपूजन विधायक गौरव सिंह पारधी के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में ग्राम कोसमी सरपंच शीला नंदकिशोर बिसेन, जिला पंचायत सदस्य केशर बिसेन, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मेष देशमुख, मंडल अध्यक्ष भाजपा ज्ञानेश रहांगडाले,पवन राणा, राजीव पटले, जनपद सदस्य श्रीमती छबीलता रामकिशोर वहाने, उपसरपंच ज्ञानचंद निनावे, मंडल अध्यक्ष भाजपा सौरभ ठाकरे,बुधाजी रहांगडाले, संजय रहांगडाले,सोनु पटले,रवि भगत, विजय देशमुख, राधेश्याम ठाकरे, केवल बिसेन,अवलेश पारधी, धनपाल गौतम, हरिशंकर गौतम, ईश्वरीय बिसेन एवं समस्त जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### बहाकल में उमरी सावंगी अर्जुनी बहाकल रोड के मजबूतीकरण का हुआ भूमि पूजन

ग्राम बहाकल में विधायक गौरव सिंह पारधी जी के द्वारा उमरी सावंगी अरजुनी बहाकल 4.445 किलोमीटर लागत 293.91 लाख से बनने वाली रोड के मजबूतीकरण का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद एवं समस्त ग्रामवासी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।